इस बात की पहचान कैसे करें कि उस व्यक्ति की मृत्यु होने वाली है

जब आप किसी ऐसे व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, जो गंभीर रूप से बीमार है और वह ठीक नहीं होगा, तो यह जानना उपयोगी हो सकता है कि इस बात की पहचान कैसे करें कि उनकी मृत्यु होने वाली है।

जब कोई व्यक्ति मृत्यु के करीब होता है, तो इसके कुछ सामान्य संकेत होते हैं।

- वे लंबे समय तक बिस्तर में ही रहते हैं
- चलने में कठिनाई होना
- भोजन निगलने में परेशानी होना
- लंबी अवधियों के लिए सोते रहना
- बहुत अधिक बात न करना
- मतिभ्रम होना
- बेचैनी होना (आराम महसूस करने में असमर्थ होना)
- आपको यह बताने में असमर्थ रहना कि उन्हें कब बाथरूम जाने की आवश्यकता है
- साँस में परिवर्तन होना।

यदि आपको लगता है कि आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं वह मृत्यु के करीब है, तो आपके डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी आपकी मदद कर सकते हैं। उन्हें फोन करके यह पूछने में कोई गलती नहीं है कि क्या उन्हें लगता है कि आपके परिजन मृत्यु के करीब हैं और इस बारे में सलाह के लिए भी पूछें कि आपको क्या करना चाहिए।

यदि आपको लगता है कि उस व्यक्ति की मृत्यु अपनी बीमारी के कारण हो रही है और मृत्यु होने की उम्मीद की जा रही है, तो एम्बुलेंस को कॉल करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप एम्बुलेंस को कॉल करते/करती है, तो उनके लिए व्यक्ति को पुनर्जीवित करने की कोशिश करना और पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआर देने की बाध्यता हो सकती है, जो सहायक नहीं होगा यदि व्यक्ति का जीवन अंत होने जा रहा है।

ST VINCENT'S HOSPITAL MELBOURNE
Flinders University
Carers Australia
CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care

carerhelp

हमें कैसे पता चलेगा कि उस व्यक्ति की मृत्यु हो गई है?

उस व्यक्ति की मृत्यु तब हो जाती है, जब:

- सांस लेना बंद हो गया है
- आप व्यक्ति को जगा नहीं सकते/सकती हैं
- दिल की धड़कन या नाड़ी नहीं चल रही है
- अक्सर आंखें खुली हुई हैं और हिल नहीं रही हैं।

आपको वह व्यक्ति अब अलग दिख सकता है। उनका चेहरा पीला दिखाई दे सकता है और उनके हाथ और पैर ठंडे हो सकते हैं - यह रक्त का बहाव समाप्त होने के कारण होता है। आंखें खुली रह सकती हैं। जबड़ा गिर सकता है, क्योंकि मांसपेशियां शिथिल हो जाती हैं। मूत्र (पेशाब) और मल (पू) त्याग भी हो सकता है। मृत व्यक्ति के शरीर को हिलाने पर फेफड़ों से कुछ हवा निकल सकती है।

यदि आपको लगता है कि उनकी मृत्यु हो गई है, तो डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी को कॉल करें, जो इस बात की पुष्टि करने के लिए आएँगे कि आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं उसकी मृत्यु हो गई है।

मृत्यु का सत्यापन करवाना और मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है। सामान्य रूप से यह व्यक्ति की देखभाल में शामिल जनरल प्रैक्टिशनर या डॉक्टर द्वारा किया जाता है।

जब आपको आवश्यकता हो, तो CarerHelp यहाँ मौजूद है।

www.carerhelp.com.au

CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care